Title: Demand to construct a bridge at Shahadara Drain for the convenience of the people going to Ghaziabad.

श्री लाल बिहारी तिवारी : सभापति महोदय, पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में धर्मशिला कैंसर अस्पताल के पास वसुन्धरा एन्क्लेव से हिंडन कैनाल पर एक पुल बनना था, जो दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने बनाना था, जिस पर चार करोड़ रुपये की लागत आनी थी। उस हिंडन कैनाल का एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है, जो तीन महीने के अन्दर कम्पलीट हो जायेगा। परन्तु शाहदरा ड्रेन पर जो पुल बनना था, वह अभी बनना शुरू नहीं हुआ है। नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन ने उसका वर्क ऑर्डर ले लिया है, लेकिन वह काम शुरू नहीं हुआ है, जिससे यहां से गाजियाबाद की तरफ जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी होती है। उनको नोएडा की तरफ से जाना पड़ता है, जो छह किलोमीटर दूर है, इससे समय बर्बाद होता है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि यह पुल शीघ्र बनाया जाये, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो और लोगों को सहूलियत हो सके। धन्यवाद।